अक्तूबर 2024

# हिमाचल शूरवीर हितैषी

निदेशक :
सैनिक कल्याण विभाग
हिमाचल प्रदेश सरकार
पिन–177001

# नोट

इस पत्रिका में प्रकाशित सामग्री केवल पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को जागरूक करने के लिए है। उचित प्राधिकार एवं प्रक्रिया सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# हिमाचल शूरवीर हितैषी

**हिमाचल प्रदेश राज्य सैनिक कल्याण विभाग की**

## त्रैमासिक पत्रिका



***Chief Editor & Publisher***
***Brig MS Sharma (Retd)***
***Director***

## संदेश

1. केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिये कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रावधान कर रखा है । केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिये केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाईट (ksb.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है । यह देखने में आया है पूर्व सैनिक या उनके आश्रित ऑनलाइन आवेदन करते समय कई प्रकार की त्रुटियां करते हैं, जिनमें मुख्यतः ऑनलाइन फार्म में दिये ब्यौरे का पूर्व सैनिक के सेना नम्बर और नाम का डिस्चार्ज बुक में दिये नाम के साथ नहीं मिलना, विधवा के नाम का डिस्चार्ज बुक में दिये नाम से नहीं मिलना, बच्चों के नाम डिस्चार्ज बुक या अंक तालिका या दूसरे दस्तावेज में सही नहीं होना, एक बच्चे के लिये शिक्षा या शादी ग्रांट के लिये आवेदन करते हैं परन्तु फार्म में दो या उससे अधिक बच्चों के नाम भरे होते हैं, 65 साल से कम आयु है फिर भी पेन्यूरी ग्रांट के लिये आवेदन करते हैं, विधवा द्वारा अपने पति की मृत्यु दिनांक नहीं भरना, जीवन प्रमाणपत्र को ऑनलाइन न भेज के केन्द्रीय सैनिक बोर्ड को डाक से भेजना इत्यादि मुख्यतः त्रुटियां है । इन त्रुटियों को ठीक करने के लिये आवेदक को ऑनलाइन सूचित किया जाता है, लेकिन समय पर त्रुटियां ठीक न कर पाने के कारण आवेदन पत्र निरस्त हो जाता है ।

2. मैं, पूर्व सैनिकों या उनके आश्रितों से अनुरोध करता हूँ कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपने दस्तावेजों को चैक कर लें और अगर कोई त्रुटि है, तो उसे सही करवा लें और केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाईट पर समयानुसार ऑनलाइन आवेदन करें ताकि योजनाओं का लाभ मिल सके ।

जय हिन्द !

आपका सेवक,

(ब्रिगेडियर एम०एस० शर्मा, सेवानिवृत)
निदेशक, सैनिक कल्याण, हि०प्र०
फोन : 01972-221854
वेबसाइट : http://swd.hp.gov.in

# विभागीय कार्यकलाप / गतिविधियां

## टोल फ्री नंबर और वेबसाइट

पूर्व सैनिक, सैनिक विधवाएं व उनके आश्रित नौकरी व पेंशन से सम्बंधित, राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लेने के लिये टोल फ्री नं0 01972–220221 पर सम्पर्क कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और रोजगार से सम्बंधित जानकारी वेबसाइट http://swd.hp.gov.in पर दी गई है ।

## पुनर्रोजगार

1. पूर्व सैनिकों की पुनर्स्थापना एवं पुनर्रोजगार हिमाचल प्रदेश सरकार के लिये सदैव ही प्राथमिकता का विषय रहा है। प्रदेश के विभिन्न विभागों से पूर्व सैनिकों के पदों की मांग पर समय–समय पर साक्षात्कार का आयोजन किया जाता है। 26 जुलाई से 17 सितम्बर 2024 तक निम्न पोस्टों के साक्षात्कार का आयोजन किया गया :–

| Ser No | Name of Post | Date of Interview/ Screening |
|---|---|---|
| (a) | Accountant, Junior Accountant, Sr. Assistant (Accounts), Junior Auditor, Auditor Panchayat, JOA(Account), Data Entry Operator | 26 July 2024 |
| (b) | Drawig Master, Shastri and JBT | 30 July 2024 |
| (c) | TGT (Non Medical) and TGT (Medical) | 02 Aug 2024 |
| (d) | Asst Auction Recorder, Peon/Chowkidar(Daily Wage Basis), Beldar/Mali (Daily Wage Basis), Panchkarma Masseurs (Female) (Daily Wage Basis), Panchkarma Masseurs (Male) (Daily Wage Basis), Lab Technician and Counselor (NHM) | 06 Aug 2024 |
| (e) | JE(Civil), JE (Electrical), Pharmacist (Ayurveda) and Radiographer (NHM) | 09 Aug 2024 |
| (f) | Jr. Environmental Engineer, Surveyor, Clerk, JOA(IT), Steno Typist and Jr. Scale Stenographer | 13 Aug 2024 |
| (g) | Ref. Plant Operator, Ref. Mechanic NHM, Jr. Scientific Asst, Jr. Technician, Architectural Sr. Draughtsman and Electrician (M&T) & (PHE) | 16 Aug 2024 |
| (h) | Sericulture Inspector, Sub Stn. Attendant (SSA), Fitter, Lineman, Laboratory Attendant and Computer Assistant | 20 Aug 2024 |

| Ser No | Name of Post | Date of Interview/ Screening |
|---|---|---|
| (j) | Medical Laboratory Technician Gr-II, OTA and Female Health Worker (NHM) | 23 Aug 2024 |
| (k) | Staff Nurse and Veterinary Pharmacist | 27 Aug 2024 |
| (l) | Community Health Worker (NHM) and Dispenser | 30 Aug 2024 |
| (m) | Horticulture Extension Officer, Junior Coach (Badminton, Boxing, Football, Hockey, Kabaddi and Wrestling), Jr. Draughtsman (Civil), Workshop Instructor (Electronics), Mining Inspector and Asst. Mining Inspector | 03 Sep 2024 |
| (n) | Driver (HRTC), Havildar Instructor/Quartermaster Havildar, Motor Vehicle Inspector (MVI), Sr. Laboratory Supervisor (NHM) and Fisheries Field Assistant | 06 Sep 2024 |
| (o) | Lecturer (School–New/PGT (Hindi, Pol. Science, History, English, Sanskrit and Economics) | 10 Sep 2024 |
| (p) | Lecturer (School –New/PGT ( Math, Commerce, Geography, Physics, Chemistry, Biology and Computer Science) | 13 Sep 2024 |
| (q) | TGT Arts | 17 Sep 2024 |

2. 01 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक विभिन्न श्रेणियों में पूर्व सैनिकों के मनोनयन का ब्यौरा इस प्रकार से है :–

| Sr No | Name of Designation | Total Nos |
|---|---|---|
| 1. | Counsellor | 03 |
| 2. | Steno Typist | 01 |
| 3. | TGT (Arts) | 68 |
| 4. | Driver (Daily Wage Basis) | 01 |
| 5. | Junior Auditor | 01 |
| 6. | Chowkidar (Daily Wage Basis) | 01 |
| 7. | Junior Helper (Sub Station) | 05 |
| 8. | JOA(IT) | 20 |
| 9. | Lecturer (School New) Hindi | 05 |
| 10. | Lecturer (School New)Pol. Science | 01 |
| 11. | Lecturer (School New) History | 04 |
| 12. | Jail Warder | 08 |
| 13. | Peon (Daily Wage Basis) | 01 |
| 14. | Fireman | 12 |
| 15. | JOA(Account) | 05 |
| 16. | Sr. Assistant (Account) | 01 |
| 17. | Auditor Panchayat | 01 |
| 18. | JBT | 13 |
| **Total** | | **151** |

**अनुग्रहपूर्वक अनुदान :-** युद्ध में शहीद हुए सैनिकों, अपंग हुए सैनिकों व अन्य कारणों से स्वर्गवास होने वाले सेवारत सैनिकों व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के निकटतम सम्बंधी को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुग्रह अनुदान प्रदान किया जाता है। 01 जनवरी 2024 से 30 जून 2024 तक हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों, अपंग हुए सैनिकों व अन्य कारणों से मरने वाले कुल 06 सैनिकों के परिवारों को अनुग्रहपूर्वक अनुदान के रुप में 92,50,000/– रूपये की राशि प्रदान की गई।

---

**वीरता पुरस्कार विजेता अनुदान :-** 01 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 19 नये वीरता पुरस्कार विजेताओं को 41,73,240/– रुपये की मौद्रिक अनुदान की राशि प्रदान की गई ।

---

**निःशुल्क बस यात्रा :-** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कुल 1432 वीरता पुरस्कार विजेताओं तथा उनकी विधवाओं और युद्ध विधवाओं को हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में प्रदेश के भीतर निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2024–25 में अभी तक 15 नये बस पास प्रदान किये गये है।



# रोजगार सम्बंधी जानकारी


1. हिमाचल सरकार द्वारा पूर्व सैनिक रोजगार कार्यालय हमीरपुर के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के पूर्व सैनिकों (थल सेना, वायु सेना और नौसेना) को श्रेणी–III और श्रेणी–IV पोस्टों में सरकारी विभागों में नौकरी के लिये 15 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया हुआ है, जिसमें विकलांग पूर्व सैनिक वरियता–I, **युद्ध में शहीद सैनिक व युद्ध में विकलांग हुये पूर्व सैनिक, जिन्हें सिविल सेवा के लिये असमर्थ घोषित किया** हुआ है उनके एक आश्रित (पत्नी या सपुत्र या अविवाहिता बेटी और यदि सैनिक अविवाहित था, तो उसके भाई या अविवाहित बहन) को वरियता–IIA और सेना सेवा से निवृत अन्य पूर्व सैनिकों को वरियता–III के अन्तर्गत रोजगार प्रदान किया जाता है ।

2. हिमाचल सरकार की नीति के अनुसार सम्बंधित विभाग से मांग पत्र आने के बाद यदि दो साल तक पूर्व सैनिकों की अनुपलब्धता के कारण रिक्तियां नहीं भरी जाती हैं तो तीसरे साल पूर्व सैनिक रोजगार सैल हमीरपुर द्वारा सम्बधित विभाग, जहां से मांग पत्र आया था, उनको अनुपलब्धता प्रमाण पत्र भेज दिया जाता है । उसके बाद सम्बंधित विभाग इन रिक्तियां को उन पूर्व सैनिकों के आश्रित (केवल एक आश्रित) जिन पूर्व सैनिकों ने हिमाचल सरकार, दूसरी राज्य सरकार, केन्द्रशासित प्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार और बोर्ड/निगम/उनके अतंर्गत स्वायत्त निकाय/बैंक इत्यादि में सेना सेवा निवृति के बाद रोजगार नहीं प्राप्त किया है, के माध्यम से भरा जाता है। इसके लिये पूर्व सैनिकों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से वार्ड ऑफ एक्स–सर्विसमेन प्रमाण पत्र लेकर सम्बंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज करवाना होगा ।

3. यह देखने में आया है कि पूर्व सैनिकों को उपरोक्त के सम्बन्ध में पूरी जानकारी नहीं है और कई पूर्व सैनिक अपने आश्रितों की नौकरी के लिये पूर्व सैनिक रोजगार सैल, हमीरपुर या निदेशालय की हेल्पलाइन में फोन करते हैं या उच्च अधिकारियों को आवेदन पत्र भेजते हैं । पूर्व सैनिकों को जानकारी दी जाती है कि पूर्व सैनिक रोजगार सैल, हमीरपुर के माध्यम से **युद्ध में शहीद सैनिक व युद्ध में विकलांग हुये पूर्व सैनिक, जिन्हें सिविल सेवा के लिये असमर्थ घोषित किया** हुआ है, उनके एक आश्रित (पत्नी या सपुत्र या अविवाहिता बेटी और यदि सैनिक अविवाहित था, तो उसके भाई या अविवाहित बहन) को वरियता–IIA के अलावा अन्य पूर्व सैनिकों के आश्रितों को पूर्व सैनिक रोजगार कार्यालय, हमीरपुर से रोजगार देने का कोई प्रावधान नहीं है ।

## DETAILS OF BATTLE & PHYSICAL CASUALITIES (FATAL) AND PAYMENT OF EX-GRATIA

| Ser No | Rank, Name and Regiment/Corps/ Unit | Date of Casualty | Type of Casualty (Physical/ Battle) | Amount of Ex-Gratia Paid to NOK (Rs. P) | Photograph of Soldier | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Late Rfn Nikhil Sharma Ladakh Scouts | 26 Nov 2022 | Battle Casualty | 20,00,000/- |  | Kullu |
| 2. | Late Sep Dinesh Kumar Dogra Regiment | 18 Jan 2021 | Physical Casualty | 5,00,000/- |  | Sirmour |
| 3. | Late Sep Balbir Singh Dogra Regiment | 31 Jan 2021 | Physical Casualty | 5,00,000/- |  | Sirmour |
| 4. | Late Sep Tika Ram Punjab Regiment | 05 Jun 2022 | Physical Casualty | 5,00,000/- |  | Sirmour |
| 5. | Late Nk (Clk) Subhash Chand Bombay Engineer Group | 30 Jan 2023 | Physical Casualty | 5,00,000/- |  | Sirmour |
| 6. | Late Hav (Clk) Suneel Sharma 17 Field Amn Depot | 13 May 2024 | Physical Casualty | - |  | Una |
| 7. | Late Hav Kulvinder Singh Dogra Regiment | 04 Jun 2024 | Physical Casualty | - |  | Una |

| Ser No | Rank, Name and Regiment/Corps/ Unit | Date of Casualty | Type of Casualty (Physical/ Battle) | Amount of Ex-Gratia Paid to NOK (Rs. P) | Photograph of Soldier | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | Late Hav (ASH) Kuldeep Kumar 854 AT Coy (ASC) | 10 Jun 2024 | Physical Casulaty | - |  | Una |
| 9. | Late Sep Bharat Singh Dogra Regiment | 29 Jun 2024 | Physical Casualty | - |  | Una |
| 10. | Late Nk Dilwar Khan 28 RR | 25 Jul 2024 | Battle Casualty | - |  | Una |
| 11. | Late Nk Vishaw Singh JAK RIF | 26 Aug 2024 | Physical Casualty | - |  | Una |
| 12. | Late Nk Vijay Kumar PUNJAB Regiment | 18 Jan 2024 | Physical Casualty | - |  | Mandi |
| 13. | Late Sub Harish Kumar Grenadiers Regiment | 13 Jan 2024 | Physical Casualty | - |  | Mandi |
| 14 | Late Sep Prakash Chand PUNJAB Regiment | 28 Jun 2024 | Physical Casualty | - |  | Mandi |

| Ser No | Rank, Name and Regiment/Corps/ Unit | Date of Casualty | Type of Casualty (Physical/ Battle) | Amount of Ex-Gratia Paid to NOK (Rs. P) | Photograph of Soldier | Remakrs |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | Late Hav Gagan Kumar<br>Artillery Regiment | 24 Oct 2023 | Physical Casualty | 7,50,000/- |  | Mandi |
| 16. | Late Wg Cdr Mohit Rana<br>Air Force | 28 Jul 2022 | Battle Casualty | 20,00.000/- |  | Mandi |
| 17. | Late Cfn Sandeep Kumar<br>EME | 21 May 2023 | Battle Casualty | 20,00,000/- |  | Mandi |
| 18. | Late Hav Suresh Kumar<br>9 PARA (SF) | 22 Jun 2024 | Physical Casualty | - |  | Hamirpur |
| 19. | Late Sub Rajesh Kumar<br>DOGRA Regiment | 19 Jan 2024 | Battle Casualty | - |  | Hamirpur |
| 20. | Late Sep Santosh Kumar<br>DSC | 08 Aug 2024 | Physical Casualty | - |  | Hamirpur |
| 21. | Late Agniveer Nikhil Dadwal<br>32 Field Regt | 17 Jul 2024 | Physical Casualty | NA |  | Hamirpur |

## भारतीय सेना के सभी रैंकों और पूर्व सैनिकों के लिए अखिल भारतीय सेना हेल्पलाइन नंबर की स्थापना

1. सेवारत सैनिकों और पूर्व सैनिकों को संकट की स्थिति में राहत और सहायता प्रदान करने के लिए डायल 100 के समान सुविधा प्रदान करने के लिए सेना मुख्यालय प्रोवोस्ट यूनिट में एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 155306 स्थापित किया गया है। यह एकल खिड़की प्रणाली यातायात दुर्घटनाओं, चिकित्सा संकट, प्राकृतिक आपदाओं, प्रमुख आपराधिक गतिविधियों और तत्काल सहायता की आवश्यकता जैसी आपातकालीन स्थितियों के मामले में तत्काल मदद के लिए मोबाइल और लैंडलाइन कॉल को संबोधित करेगी।

2. किसी भी आपातकालीन स्थिति की स्थिति में, कॉल पर निम्नानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

(क) कॉल करने वाला बिना किसी उपसर्ग का उपयोग किए 155306 डायल करेगा।

(ख) कॉल करने वाले से सेना का नंबर, रैंक, नाम और स्थान बताकर अपनी पहचान पूछी जाएगी।

(ग) घटना की संक्षिप्त जानकारी मांगी जाएगी।

(घ) इसके बाद हेल्प डेस्क घटना स्थल पर प्रतिक्रिया सक्रिय करने के लिए निकटतम प्रोवोस्ट यूनिट/पुलिस स्टेशन को कॉल करेगा।

(ङ.) मामलों को बंद करने के लिए ट्रैक करने और फीडबैक प्राप्त करने के लिए कॉल प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर के माध्यम से हेल्प डेस्क द्वारा एक प्रतिक्रिया फार्म तैयार किया जाएगा।

3. भूमि विवाद, वैवाहिक कलह, टोल छूट मामले, वे मामले जो विचाराधीन हैं, पारिवारिक मामले, छोटी प्रकृति की घटनाएं और नियमित पूछताछ को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से रिपोर्टिंग से बाहर रखा जाएगा।

# CENTRAL SAINIK REST HOUSE

केन्द्रीय सैनिक विश्राम गृह सीबी ब्लॉक, रिंग रोड़, नारायणा–110028 में कार्य कर रहा है। आवास दर सूची इस प्रकार है :–

| Ser No | Accommodation | Category | Charges Per Day (Rs.P) | Availability |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Officers | Serving | 600/- | 10 Rooms |
| | | ESM | 500/- | |
| (b) | JCOs | Serving | 450/- | 05 Rooms |
| | | ESM | 500/- | |
| (c) | Other Ranks | Serving | 300/- | 05 Rooms |
| | | ESM | 250/- | |
| | | **DORMITORY** | | |
| (a) | Serving | | 200/- | 40 Beds |
| (b) | ESM | | 150/- | |

2. The guests are required to provide identity proof of self and dependent family members.
3. Check-in and Check-out time is 1100 hrs.
4. Full rent is to be paid in advance for booking period by Credit and Debit Card only. **Cash** (except in case of un-serviceability of POS machine) **will not be accepted for payment.**
5. No refund will be allowed once payment receipt is generated for booking period.
6. Request for extension beyond booking period will be subject to availability and **can not be claimed as matter of right.**
7. The guests are required to adhere to timing of main gate. The main gate remains open from 0600 Hrs to 2200 Hrs on all days. The guests arriving and departing between 2200 Hrs to 0600 hrs are to contact / inform CSRH staff.
8. Complaint / suggestions, if any, can be written in register kept for the purpose at Reception or can be sent on e-mail csrhnaraina@gmail.com.
9. केन्द्रीय सैनिक विश्राम गृह के मोबाईल नंबर और ईमेल आईडी का विवरण निम्न के अनुसार है :–
   (a) Landline No 011-25777049 (Booking of Accommodation).
   (b) Mob No 9667647046 (For General Enquiry).
   (c) Email ID : csrhnaraina@gmail.com

**नोट : किराये में भोजन शामिल नहीं है।**

# हिमाचल प्रदेश में सैनिक विश्राम गृह

1. हिमाचल प्रदेश में सैनिक विश्राम गृह का व्यौरा निम्न अनुसार है :–

| Ser No | Location | Telephone No | Mobile No | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Chamba | 01899-222357 | 9805694820 | |
| (b) | Chowari (Chamba) | -do- | 8278769224 | |
| (c) | Nurpur (Kangra) | 01892-223279 | 8219687932 | |
| (d) | Dehra (Kangra) | -do- | - | Temp closed. |
| (e) | Kangra | -do- | 9779253336 | |
| (f) | Jawala Mukhi (Kangra) | -do- | 7018775073 | |
| (g) | Palampur (Kangra) | -do- | 7528069448 | |
| (h) | Dharamshala (Kangra) | -do- | 7989246412 | |
| (j) | Keylong (Lahaul & Spiti) | 01902-222272 | 9418466773 | |
| (k) | Kullu | -do- | 7049987907 | |
| (l) | Mandi | 01905-222120 | 9625994065 | |
| (m) | Sarkaghat (Mandi) | 01905-222120 | 9816626884 | |
| (n) | Hamirpur | 01972-222334 | 9877205207 | |
| (o) | Sujanpur Tira (Hamirpur) | 01972-222334 | 9418529429 | |
| (p) | Una | 01975-226090 | 9625384974 | |
| (q) | Ghumarwin (Bilaspur) | 01978-222343 | 9805226026 | |
| (r) | Bilaspur | 01978-222343 | 9318782732 | |
| (s | Solan | 01792-223764 | 7651005464 | |
| (t) | Pawanoo (Solan) | -do- | 9465878787 | |
| (u) | Nahan (Sirmour) | 01702-222551 | 9459486054 | |
| (v) | Poanta Sahib (Sirmour) | -do- | 9459027015 | Temp closed. |
| (w) | Longwood (Shimla) | 0177-2653211 | 8629066051 | |
| (x) | Matiana (Shimla) | -do- | - | Under demolition |
| (y) | Rekong Peo (Kinnour) | -do- | - | Under demolition |

# डी.एस.सी. में भर्ती के लिए गुणात्मक आवश्यकताएं

1. डी.एस.सी. में भर्ती के लिए गुणात्मक आवश्यकताएं निम्न के अनुसार है :–

| Ser No | Eligibility Criteria | Qualitative Requirement |
|---|---|---|
| (a) | Education Qualification | ACE-III/Matric. |
| (b) | Age Criteria | (a) Sep Clk(SD) - Upto 48 years of age.<br>(b) Sep (GD) - Upto 46 years of age.<br><br>Note : Clerks will be enrolled into DSC against vacancies of Clerks only and not as a GD. |
| (c) | Character | Should be 'EXEMPLARY' or 'VERY GOOD'<br><br>Note : Not below VERY GOOD. |
| (d) | Discipline (Red Ink Entry) | **Discipline**. The ex-soldiers eligible for enrolment into DSC should not have :-<br><br>(a) More than two red ink entries during the entire service.<br>(b) No punishment awarded under AA Sec 34, 35, 36 (on active service), 37 and 41(2) (on active service only).<br>(c) No red ink entry in last three years of former service.<br>(d) No punishment awarded red or black ink entry even extra guard & duties under AA Sec 48 or equivalent for intoxication in last five years of former service. |
| (e) | Medical Category | (a) Medical examination in r/o other ranks (OR) for enrolment into DSC is to be carried out as per AFMSF-2A.<br><br>(b) Medical fitness certificate issued by competent medical authority duly signed by medical officer.<br><br>(c) Person placed in LMC (both temporary/permanent) during the last five years of former service preceding the date of discharge (even upgraded to SHAPE-I before discharge) due to ALCOHOL DEPENDENCEY SYNDROME are not eligible for re-enrolment into DSC.<br><br>**Navy Personnel**. S1A1 } - Is equal to SHAPE-I<br>**Air Force Personnel**. A1G1/A4/G1 } |
| (f) | Gap Period | (a) **Sol GD**. Maximum gap between the date of discharge from former service and enrolment into DSC will not be more than two years.<br><br>(b) **Sol Clerk(SD)**. Maximum gap between the date of discharge from former service and enrolment into DSC will not be more than five years. |
| (g) | Qualifying Service | (a) **Army/Navy/Air Force**. Should have rendered minimum 5 years service.<br>(b) **TA Personnel**. Must have rendered 3 years embodied service with minimum attendance of seven annual training camps. |

# IMPORTANT ASPECT OF PENSION

1. DA granted on basic pension at the rate specified by the Govt from time to time.
2. Monetary Allce attached to Gallantry Decorations, be notified in the PPO & paid along with pension.
3. All pensions calculated less than min pension of Rs 9000/- will be stepped up.
4. Condonation of deficiency in qualifying service by competent authority may be up to max 12 months.
5. Precedence of family pension- first to surviving spouse, eligible Child below 25 years of age, handicapped child, unmarried/widowed/divorced daughter and parents- in that order.

**Note**:

1. Spouse incl legally separated.
2. Widowed/divorced daughter need not return to parents home.
3. Children born out of void marriage entitled, not their mother.
4. Son eligible till 25 yrs/ employed/married whichever is earlier.
5. For Handicapped children no bar on age/marital status. Should be unable to earn his livelihood.
6. In OFP, parents eligible if income less than Rs 9000/ plus DA –For SFP should be largely dependent on son/for LFP no income criteria.
7. Furnishing of Family details and subsequent changes is responsibility of service personnel.
8. **Family Pension on Remarriage.**
   (a) OFP- Only childless widow to continue and her income less than Rs 9000/- plus DA. In case of Children, pension goes to the eligible child.
   (b) SFP/LFP- If maintaining children, pension continues; else pension will be shared.
9. Pension of a widow who dies before establishing her claim, not allowed to her representatives.
10. SFP/LFP intended for support of all eligible members irrespective of in whose name it stands.
11. **Commutation of Pension.**
    (a) Admissible on service & disability element.
    (b) The end date of commutation will be counted from the month commuted amount (CVP) paid and may be different from date of retirement.
    (c) Any increase of future pension due to pay commission or OROP, Commutation recovery remains constant, DA always given on the full basic pension.
    (d) Commuted portion of pension restored automatically by PDA.
    (e) In case of ESM death before recovery, commuted amount not recovered from spouse pension.
12. **Additional Pension.**
    (a Above 80 yrs of age- 20%
    (b) Above 85 yrs of age - 30%
    (c) Above 90 yrs of age - 40%
    (d) Above 95 yrs of age - 50%
    (e) Above 100 yrs of age - 100%

**Note**:

1. Family pensioner eligible for addl pension as per her age.
2. Addl pension also payable on disability element.

# TYPES OF PENSIONS

## Pension Entitlements of the Service Personnel

1. Service Pension: 50 % of the last Reckonable Emoluments (RE).
2. Disability Element: Granted for above 20%: 30% of RE for 100% disability (Reduced proportionately and broad banded to 50%, 75% and 100%).
3. War Injury on Superannuation: 60% of RE for 100% disability (Reduced proportionately broad banded)
4. War Injury Element Invalidated: 100% of RE for 100% disability (Reduced proportionately broad banded)

(The disability/War Injury is eligible to only the Service pensioner and not to the family pensioner. It stops on his demise)

### Family Pension

5. Ordinary Family Pension (OFP) when death in harness not attributable to Mil Service (NANA): 30% of RE (Enhanced rate 50% of RE for 10 yrs or 67 yrs age of ESM, whichever is earlier).
6. OFP on death after retirement: 30% of RE or 60% of ESM Pension. (Enhanced rate 50% of RE for 7 yrs from the date of death or 67 years of ESM age, whichever is earlier).
7. Special Family Pension ( SFP): When death in harness attributable to Mil Service: 60% of RE for life.
8. Liberalised Family Pension (LFP): When death declared as BC: 100% of RE for life.
9. Dual Family Pension: when ESM drawing two pensions, spouse also entitled to both the pensions including SFP/LFP.
10. Dependent Family Pension to Handicapped Child: If the disability occurred during the life time of the parents and is unable to earn livelihood. (Notification be done in PPO during lifetime of pensioners)
11. Dependent Family Pension to unmarried/widowed/Divorced daughter and below 25 years old unmarried/ unemployed Son: Widowhood and divorce should have taken place during lifetime of the either of the parents.
12. Dependent Pension to Parents: When a soldiers dies as bachelor or widower w/o children: In case of LFP 75 % of pension for both parents, 60% for single parent. For SFP if parents are largely dependent on the soldier. For OFP, parents' income less than Rs 9000/- PM.
13. Monetary Allowance Attached to Gallantry Award: All Chakra series and SM (Gallantry) to be notified in the PPO. The Gallantry Award allowance also admissible to the wife as first life awardee.
14. Reservist Pension: Rs 9000/- PM

## THE PENSION PROCESS THROUGH SPARSH SERVICE/FAMILY/DEPENDENT PENSION

The Complete Pension Process is now online through the SPARSH portal.

### Retiring Service Pension

1. Release Order issued by MS Br/Records.
2. Pension documents submitted to ORO/Records.
3. ORO/Records uploaded on the SPARSH Portal.
4. PCDA(O)/PAO(OR) scrutinizes the documents and initiates online LPC.
5. PCDA(O)/PAO(OR) also creates SPARSH id and Password which is sent to the prospective Retiree.
6. The Retiree is prompted to create his own in and logs-in to examine personal details.
7. The Retiree verifies his details- Pensioner Data Verification (PDV).
8. The Pension Sanctioning Authority, PCDA(P) examines and generates PPO.
9. The pension including disability element and other entitlements- Gallantry Award allowance, Gratuity, commutation and Ex Gratia are credited to the pensioner's account.
10. Pension a/c should always be a joint a/c with spouse and Nominee be declared.

### Family Pension for Death in Harness

1. Processed through SPARSH- Procedure same as above.
2. Documents signed by the eligible claimant. Units provide all assistance. Documents processed expeditiously at all levels.
3. OFP commences initially till SFP/LFP adjudicated, wherever applicable.
4. Entitled ex-gratia, gallantry award money also endorsed in the PPO.

### Family Pension for Death After Retirement

1. Visit SPARSH website: https://sparsh.defencepension.gov.in/
2. Go to "Services"
3. Under 'For Family' 'Report Event', Click on "Death report/ start Family Pension/Stoppage of pension".

4. Fill in the follow :-

(a) Pensioner details.

(b) Reporter details (on submit, will receive OTP).

(c) Particulars of the disqualified pensioner.

(d) Upload death certificate or other documents as required.

(e) Enter claimant details and submit.

5. On approval, the family pensioner will receive a message.

6. Submit Life Certificate.

7. Pension will commence with effect from the next pension cycle.

**Family Pension for Death After Retirement PDA CPPC/DPDO (Disbursement NOT YET MIGRATED TO SPARSH)**

1. **Spouse**.

(a) Spouse name already notified in PPO.

(b) Beneficiary applies to PDA-Bank/DPDO with death certificate; submits live certificate and an undertaking.

(c) Spouse gets OFP (60% of ESM pension) or Enhanced rate as applicable.

(d) In case name not endorsed in PPO, complete family pension claim documents be processed.

2. **Handicapped Child**.

(a) Name endorsed in the PPO.

(b) Pension commences as per above procedure.

(c) Legal Guardian will operate account in case of special child

3. **Dependent Pension (Son Under 25 Years of Age, Unmaried/Divorced Daughter)**.

(a) Eligible claimant applies for pension

(b) Submits required documents to Records/ MP5, through Zila Sainik Board

(c) Meeting all eligible conditions of dependency during the lifetime of either parents or income criteria, PPO issued.

# कविता

हम सैनिक हैं, हमें जगत में किसका डर है?
रणक्षेत्र ही सदा हमारा प्यारा घर है।
हृदय हमारा विपुल वीरता का आकर है, आँगन–सा है हमें भुवन, प्रकटित सब पर है।
वह कौन कार्य है हम जिसे कर न सकें पूरा कभी?
निज भारतीय बल–वीर्य का आओ, परिचय दें अभी ।।
है पृथ्वी में कौन वस्तु वह जिसके द्वारा–
हो सकता गतिरोध तनिक भी कभी हमारा?
दुर्गम गिरि, वन, वह्नि, प्रबल पानी की धारा–
सभी सुगम हैं हमें जानता है जग सारा।
वह कौन शत्रु है हम जिसे, जीत न सकते हो कभी?
निज भारतीय बल–वीर्य का, आओ, परिचय दें अभी ।।
प्राण–दान कर हमीं विजय की ध्वजा उड़ाते;
मातृ–भूमि को विपज्जाल से हमीं छुड़ाते।
अनुत्साह, आलस्य हमारे पास न आते;
हमें मृत्यु के बाद हमारे गीत जिलाते।
हम पश्चात्पद संग्राम से, हो सकते हैं क्या कभी?
निज भारतीय बल–वीर्य का आओ, परिचय दें अभी ।।
भरा हमीं में भीम और अर्जुन का बल है;
कंपित हमसे कहाँ नहीं होता रिपु दल है?
वीरप्रण सब काल हमारा अचल, अटल है,
राम–कृष्ण का अभय–दान हम पर निश्चल है।
ये यवन हमारे सामने टिक सकते हैं क्या कभी?
निज भारतीय बल–वीर्य का आओ, परिचय दें अभी ।।
आओ वीरो! आज देश की कीर्ति बढ़ा दें,
सबके सम्मुख मातृभूमि को शीश चढ़ा दें।
शत्रु जनों को मार यहाँ से अभी हटा दें।
उनका घोर घमंड सदा के लिए घटा दें।
संसार देख ले फिर हमें, तुच्छ नहीं हैं हम कभी ।
निज भारतीय बल–वीर्य का आओ, परिचय दें अभी ।

# सुविचार

1. धर्मरहित विज्ञान लंगड़ा है, और विज्ञान रहित धर्म अंधा।
2. अवसर के रहने की जगह कठिनाइयों के बीच है।
3. तर्क, आप को किसी एक बिन्दु 'क' से दूसरे बिन्दु 'ख' तक पहुंच सकते हैं। लेकिन, कल्पना, आप को सर्वत्र ले जा सकती है।
4. हम भारतीयों के बहुत ऋणी हैं जिन्होंने हमें गिनना सिखाया, जिसके बिना कोई भी मूल्यवान वैज्ञानिक खोज सम्भव नहीं होती।
5. ऐसा नहीं है कि मैं कोई अति प्रतिभाशाली व्यक्ति हूँ लेकिन मैं निश्चित रूप से अधिक जिज्ञासु हूँ और किसी समस्या को सुलझाने में अधिक देर तक लगा रहता हूँ।
6. ऐसा नहीं है कि मैं बहुत चतुर हूँ, सच्चाई यह है कि मैं समस्याओं का सामना अधिक समय तक करता हूँ।
7. अपना जीवन जीने के केवल दो ही तरीके हैं. पहला यह मानना कि कोई चमत्कार नहीं होता है, दूसरा है कि हर वस्तु एक चमत्कार है।
8. वक्त बहुत कम है यदि हमें कुछ करना है तो अभी से शुरुआत कर देनी चाहिए ।
9. मूर्खता और बुद्धिमता में सिर्फ एक फर्क होता है कि बुद्धिमता की एक सीमा होती है ।
10. आमतौर पर आदमी उन चीजों के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहता है जिनका उससे कोई लेना देना नहीं होता।
11. बिना कुछ किए बिताने वाले जीवन की अपेक्षा गलतियां करते हुए बिताने वाला जीवन अधिक सम्माननीय होता है।
12. आप अपने भविष्य को नहीं बदल सकते लेकिन आप अपनी आदतों को बदल सकते है तथा सुनिश्चित मानें आपकी आदतें आपका भविष्य बदल देंगी।
13. यदि कोई व्यक्ति अपने धन को ज्ञान अर्जित करने में ख़र्च करता है, तो उससे उस ज्ञान को कोई नहीं छीन सकता! ज्ञान के लिए किये गए निवेश में हमेशा अच्छा प्रतिफल प्राप्त होता है!
14. क्रोध से शुरू होने वाली हर बात, लज्जा पर समाप्त होती है।
15. हम जानते हैं कि हम क्या हैं, पर ये नहीं जानते कि हम क्या बन सकते हैं।

# निदेशालय सैनिक कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश
# स्थित हमीरपुर – 177001

## शूरवीर हितैषी पत्रिका लेने हेतू
## अंशदान फार्म (Subscription Form)

1. Army No ______________________
2. Rank ______________________
3. Name ______________________
4. Mobile Number ______________________
5. Permanent Home Address :
   (जहाँ पत्रिका लेना चाहते हैं) ______________________
   ______________________
6. Pin Code ______________________
7. Subscription Amount ______________________
   (For life Rs. 500/-)
8. Mode of Payment : Bank Draft in Favour of the Director Sainik Welfare (Shurvir Hiteshi Fund) HP at Hamirpur

**Place :** ____________

**Dated :** ____________

______________________
**(Signature of the Applicant)**









INDO PAK WAR 1965
INDIAN ARMY : ALWAYS VICTORIOUS